

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–11 मंगलवार, दिनांक–18 मार्च, 2025 ई०।

**माननीय अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वा० से 01:12 बजे अप० तक**

**[1] प्रश्नकाल :–**

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।

(ii) अल्पसूचित प्रश्न संख्या–07 अगले तिथि के लिए स्थगित।

(iii) 19 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(iv) 09 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

(v) 143 तारांकित प्रश्न अनागत।

तारांकित प्रश्न संख्या–1273 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में स्थानांतरित।

तारांकित प्रश्न संख्या–1252 के दौरान सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्य शोरगुल करते हुए वेल में आ गए।

विपक्ष के माननीय सदस्यों की मांग को सदन नेता माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा संज्ञान लिया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कहा गया कि अगर किसी विषय के बारे में तत्परत सूचना हो तो उसे उपलब्ध कराएं। विपक्ष के माननीय सदस्यों ने तत्परत में वांछित सूचना माननीय मुख्यमंत्री जी को दिया । इसके उपरान्त माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा संबंधित विभाग के माननीय मंत्री एवं वरिष्ठतम पदाधिकारी को इस संबंध में कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया, जिससे सदन में शांति कायम हुई एवं पुनः सुचारू रूप से सदन की कार्रवाई चली।

**[2] सभा मेज पर कागज का रखा जाना :–**

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी ने प्रस्ताव किया कि "बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम–78(5) (ख), नियम–172(4) एवं नियम–176(4) में संशोधन के प्रस्ताव से संबंधित वर्ष 2024–25 के लिए गठित नियम समिति का प्रथम प्रतिवेदन दिनांक 12.03.2025 को सदन पटल पर रखा गया था। नियमावली के नियम–287(ख) के तहत किसी भी माननीय सदस्य से संशोधन का प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। अतएव नियमावली के नियम–288 के परन्तुक के अन्तर्गत संशोधन के प्रस्ताव के बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली में अंगीकार करने का उपबंध किया जाय"।

प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

**[3] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन, श्री अजय कुमार, श्री अरूण सिंह, श्रीमती मंजु अग्रवाल, श्री समीर कुमार महासेठ, श्री अजीत कुमार सिंह, श्री रामबली सिंह यादव, श्री मुकेश कुमार यादव, श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, श्री विजय कुमार, श्री छत्रपति यादव, श्री रणविजय साहू, श्री शमीम अहमद, श्री मोहम्मद अनजार नईमी एवं श्री चन्द्रहास चौपाल द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी। परन्तु आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव को पढ़ा गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री सत्यदेव राम, श्री संदीप सौरभ, श्री अमरजीत कुशवाहा, श्री महा नंद सिंह एवं श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी। परन्तु आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री सत्यदेव राम द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव को पढ़ा गया।

(iii) माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी। परन्तु आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री अजीत शर्मा द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव को पढ़ा गया।

**[4] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :–

(i) श्रीमती मंजु अग्रवाल
(ii) श्रीमती भागीरथी देवी
(iii) श्री मोहम्मद अनजार नईमी
(iv) श्री अजय कुमार
(v) श्री इजहारूल हुसैन
(vi) श्री उमाकान्त सिंह
(vii) श्री प्रमोद कुमार सिन्हा
(viii) श्री पवन कुमार जायसवाल
(ix) श्रीमती ज्योति देवी
(x) श्रीमती गायत्री देवी
(xi) श्री प्रणव कुमार
(xii) श्री राम सिंह
(xiii) श्री मुरारी मोहन झा
(xiv) श्री अनिल कुमार
(xv) श्रीमती रश्मि वर्मा
(xvi) श्री विजय कुमार
(xvii) श्रीमती कविता देवी
(xviii) श्रीमती निशा सिंह
(xix) श्री राणा रणधीर
(xx) श्री प्रमोद कुमार
(xxi) श्री विद्या सागर केशरी
(xxii) श्री मुकेश कुमार यादव
(xxiii) श्री भूदेव चौधरी
(xxiv) श्री रणविजय साहू
(xxv) श्री महा नंद सिंह
(xxvi) श्री बीरेन्द्र कुमार
(xxvii) श्री अमरजीत कुशवाहा
(xxviii) श्री संदीप सौरभ
(xxix) श्री जय प्रकाश यादव
(xxx) श्री पवन कुमार यादव
(xxxi) श्री अजीत कुमार सिंह
(xxxii) श्री विनय बिहारी
(xxxiii) श्री सुनील मणि तिवारी
(xxxiv) श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता
(xxxv) सुश्री श्रेयसी सिंह
(xxxvi) श्री मिश्री लाल यादव
(xxxvii) श्री छत्रपति यादव
(xxxviii) श्री राम रतन सिंह
(xxxix) श्री अरूण सिंह
(xl) श्री सूर्यकान्त पासवान
(xli) श्री रामबली सिंह
(xlii) श्री राजेश कुमार गुप्ता
(xliii) श्री समीर कुमार महासेठ
(xliv) श्री ललित नारायण मंडल
(xlv) श्रीमती नीतु कुमारी
(xlvi) श्रीमती प्रतिमा कुमारी

(xlvii) श्री राम विशुन सिंह
(xlviii) श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव
(xlix) श्री अशोक कुमार सिंह
(l) श्री विजय कुमार खेमका
(li) श्री जनक सिंह
(lii) श्री शमीम अहमद
(liii) श्री गोपाल रविदास
(liv) श्री मुहम्मद इजहार असफी
(lv) श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह
(lvi) श्री सत्यदेव राम
(lvii) श्री अखतरूल ईमान
(lviii) श्री कुमार शैलेन्द्र

**[5] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री प्रमोद कुमार, श्री जनक सिंह एवं अन्य सभासदों का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित तथा दिनांक–12 मार्च 2025 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री संजय सरावगी द्वारा दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार, श्री समीर कुमार महासेठ एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार द्वारा पढ़ा गया। माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री सुनील कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(iii) माननीय सदस्य, श्री विद्या सागर केशरी, श्री लखेन्द्र कुमार रौशन एवं अन्य सभासदों का पंचायती राज विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री विद्या सागर केशरी द्वारा पढ़ा गया। माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग, श्री केदार प्रसाद गुप्ता द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**<u>भोजनावकाश के बाद</u>**

(02.00 बजे अपराह्न से 04:59 बजे अपराह्न तक)

[ इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ]

**[6 ] <u>वित्तीय कार्य</u>**

**<u>वित्तीय वर्ष 2025–26 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [ खंड–06 (सहकारिता विभाग; पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग; गन्ना उद्योग विभाग तथा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग) ] पर वाद–विवाद एवं मतदान :–</u>**

माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से सहकारिता विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा अनुदान की मांगों में कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात् सहकारिता विभाग के अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव पर वाद विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :–

1. श्री विनय कुमार, स०वि०स०
2. श्री अरूण शंकर प्रसाद, स०वि०स०
3. श्री राम विशुन सिंह, स०वि०स०

   ( इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया। )

4. श्री जितेन्द्र कुमार, स०वि०स०
5. श्री ऋषि कुमार, स०वि०स०
6. श्रीमती अरूणा देवी, स०वि०स०
7. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, स०वि०स०
8. श्री सत्तानन्द सम्बुद्ध उर्फ ललन, स०वि०स०

9. श्री महा नंद सिंह, स०वि०स०

( इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया। )

10. प्रफुल्ल कुमार मांझी, स०वि०स०

11. श्री सुर्यकान्त पासवान, स०वि०स०

12. डॉ० सत्येन्द्र यादव, स०वि०स०

13. श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०

14. श्री राज कुमार सिंह, स०वि०स०

15. श्रीमती रश्मि वर्मा, स०वि०स०

तदुपरान्त माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा सरकार की ओर से वाद–विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त सहकारिता विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

**[7] <u>निवेदन</u> :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 33 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेगें।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार दिनांक–19 मार्च, 2025 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना<br>दिनांक–18.03.2025

**ख्याति सिंह**<br>प्रभारी सचिव,<br>बिहार विधान सभा, पटना।